भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1210

जिसका उत्तर 08.12.2021 को दिया जाना है

हैदराबाद से बीजापुर तक राष्ट्रीय राजमार्ग के पूरा होने में विलंब

1210. श्री मल्लिकार्जुन खरगे:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या हैदराबाद से बीजापुर (सिंदगी) तक के राज्य राजमार्ग को केवल हैदराबाद से तेलंगाना सीमा तक यानी मेडक तक राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच संख्या 163) में अपग्रेड किया गया है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मेडक सीमा से राजसमुंद (64 किमी) और सुभाष चौक (यादगीर शहर) से सिंदगी वाया शाहपुर (120 किमी) तक, यानी कुल 184 किमी सड़क कार्य अभी भी स्वीकृत नहीं है;

(ग) यदि हां, राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में 184 किमी के शेष भाग के अनुमोदन और विकास में विलंब के क्या कारण हैं; और

(घ) इस तरह के निर्माण को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (घ) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार है। हैदराबाद से तेलंगाना कर्नाटक सीमा तक राज्य राजमार्ग (118 किमी) को 30 नवंबर 2016 को राजपत्र अधिसूचना संख्या का.आ. 3590 (अ) के माध्यम से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या -163 घोषित किया गया है। इसकी 118 किमी लंबाई और हैदराबाद बाहरी रिंग रोड से मननेगुडा तक के 46 किमी के खंड को 4-लेनिंग का बनाने के लिए एनएचएआई को सौंपा गया है। मननेगुडा से रावुलापल्ली (तेलंगाना-कर्नाटक सीमा) तक के शेष खंड को तेलंगाना के राज्य पीडब्ल्यूडी द्वारा पहले से ही 2-लेन में पेव्ह शोल्डर मानक के साथ विकसित किया गया है। तेलंगाना-कर्नाटक सीमा से बीजापुर तक और कर्नाटक राज्य में मेडक सीमा से रामसमुंद्र तक और सुभाष चौक (यादगीर शहर) से शाहपुर होते हुए सिंदगी तक की सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग नहीं हैं।

*****